हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 4 जुलाई 2024

04 बजट में ब्रिज के लिए 6.72 करोड़, गड़ाघाट...



08 अतिक्रमण से सबको हटाने की अफवाह पर इकट्ठे...





### प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री ने प्रस्तुत किया 3 लाख 65 हजार 67 करोड़ का बजट

# नर्मदापुरम जिलेवासियों को मिली आयुर्वेदिक महाविद्यालय की सौगात

मप्र सरकार ने 1 से 3 जुलाई तक प्रदेश का बजट विधानसभा पटल पर प्रस्तुत किया। जिसकी सराहना नर्मदांचल वासियों द्वारा की गई। नागरिकों का कहना है कि वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा बजट के माध्यम से नर्मदापुरम जिले को आयुर्वेदिक महाविद्यालय की स्वीकृति की सौगात दी गई है। वहीं सरकार ने बजट को लोक कल्याणकारी एवं प्रदेश के विकास के लिए ऐतिहासिक बताया है। बुधवार को नर्मदांचल वासियों ने बजट को लेकर मिली जुली प्रतिक्रिया भी व्यक्त की है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मप्र की भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने बुधवार को प्रदेश का पहला पूरा बजट विधानसभा पटल पर पेश किया। बजट में 3 लाख 65 हजार 67 करोड़ के इस बजट में प्रदेश की जनता पर कोई कर नहीं लगाया गया है। इसी तरह गत वर्ष की अपेक्षा मप्र को इंफ्राट्रक्चर डवलपमेंट के लिए केन्द्र सरकार से भी 15 हजार करोड़ रूपए मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। विदित हो कि बजट में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने पेश किया कि तीन आयुर्वेदिक महाविद्यालय खोले जाएंगे जिसमें एक आयुर्वेदिक महाविद्यालय की सौगात नर्मदांचल को भी दी गई है। बजट सुनते ही नर्मदांचल के जिले वासियों ने प्रदेश सरकार की इस सौगात की सराहना करते हुए खुशी जाहिर की है। वहीं बजट को लोक कल्याणकारी बताया जा रहा है।


### भाजपा ने लोक कल्याणकारी, कांग्रेस ने निराशाजनक बताया बजट

प्रदेश सरकार द्वारा 1 जुलाई से 3 जुलाई तक विधानसभा पटल पर बजट प्रस्तुत किया। एक ओर जहां वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने बजट प्रस्तुत करते समय बजट को लोक कल्याणकारी बताया, तो वहीं कांग्रेस के नेताओं ने इसे निराशाजनक बताया। इस संबंध में नर्मदांचल के सुधि नागरिकों ने मिली जुली प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

### लाड़ली बहनों को मिलेंगे 1250 रुपए ही

प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने विधानसभा पटल पर बजट में लाड़ली बहनाओं को मिलने वाली राशि को बढ़ाने का जिक्र नहीं किया। लाड़ली बहना योजना के तहत महिलाओं को 1250 रूपए ही मिलेंगे। जबकि सरकार ने महिलाओं के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं के लिए 1 लाख 21 हजार 995 करोड़ रूपए का प्रावधान रखा है जो गतवर्ष की अपेक्षा 19 हजार 21 करोड़ अधिक है। नर्मदापुरम जिले की लाड़ली बहनाओं ने प्रदेश सरकार से वायदा मुताबिक राशि बढ़ाने की मांग की है।

#### सर्व हिताय बजट है



बुधवार को प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत किये गये बजट को नर्मदापुरम-इटारसी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने सर्वहिताय बताते हुए कहा कि बजट में सभी वर्ग के लोगों के हितों को ध्यान में रखा गया है वहीं प्रदेश एवं नर्मदापुरम जिले के विकास के लिए ही उत्तम बजट है।

#### लोक कल्याणकारी बजट



भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष मोहनदास अग्रवाल ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रस्तुत बजट लोक कल्याणकारी एवं सर्व वर्ग के हितार्थ मप्र की देवतुल्य जनता की सेवा के लिए दिया हुआ बजट है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा को बधाई एवं आभार।

#### जनहित में नहीं बजट



बुधवार को प्रस्तुत किया गया बजट निराशाजनक है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गुड्डन पाण्डे ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बजट लोक कल्याणकारी नहीं है इसमें सरकार द्वारा न तो किसान, व्यापारियों और युवाओं के लिए कुछ विशेष नहीं है। यह बजट महंगाई बढ़ाने वाला बजट है।

#### आयुर्वेदिक कॉलेज की सौगात



प्रदेश सरकार द्वारा बुधवार को प्रस्तुत किया गया बजट सराहनीय है। कालोनीनाईजर लक्ष्मण बैस ने कहा कि बजट के माध्यम से नर्मदापुरम जिले को आयुर्वेदिक महाविद्यालय की स्वीकृति मिली है, जो विद्यार्थियों के लिए सौगात है। बजट में विकास और लोक कल्याण को स्थान दिया गया है। बेहतर बजट के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा के प्रति आभार

#### आमजन से दूर बजट



सरकार द्वारा पेश किए गए बजट आमजन से दूर है। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राजकुमार केलु उपाध्याय ने कहा कि बजट में युवाओं के हितों को ध्यान में नहीं रखा गया है। भाजपा ने चुनावी वायदों के मुताबिक बेरोजगारी, उद्योग एवं किसानों के हितों को बजट से दूर रखा गया। यह बजट प्रदेश की जनता के साथ छलावा है। प्रदेश की जनता के उम्मीद के खिलाफ सरकार ने बजट प्रस्तुत किया है।

#### ऐतिहासिक है बजट



प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राजेंद्र सिंह ठाकुर ने मप्र सरकार द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत वर्ष 2024-25 के बजट का स्वागत करते हुए कहा कि 3 लाख, 65 हजार, 67 करोड़ रुपये का यह बजट अब तक का सबसे बड़ा एवं ऐतिहासिक बजट है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार द्वारा प्रस्तुत यह बजट कुशल आर्थिक प्रबंधन की मिसाल है। भाजपा सरकार का फोकस हमेशा से विकास पर रहा है।

# सिल्क टूरिज्म क्षेत्र को विकसित किया जाएगा : कुटीर व उद्योग मंत्री जायसवाल

### विकास की संभावनाओं को लेकर किया मढ़ई में रेशम केन्द्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मध्य प्रदेश शासन के कुटीर व ग्रामोद्योग मंत्री, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल ने बुधवार को नर्मदापुरम प्रवास के दौरान पर्यटन स्थल मढई का भ्रमण किया। मंत्री जायसवाल ने मढ़ई में रेशम केंद्र सारंगपुर का निरीक्षण किया और सिल्क टूरिज्म क्षेत्र में विकास की संभावनाओं का जायजा लिया। और विकास की संभावना को तलाशा।

मंत्री जायसवाल ने कहा की सिल्क टूरिज्म को शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा और सिल्क टूरिज्म को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से भी यह एक अच्छा प्रयास होगा। सिल्क टूरिज्म के विकास से रेशम का व्यापक प्रचार प्रसार होगा और लोग रेशम का उपयोग करने के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने नया सिल्क टूरिज्म केंद्र का अवलोकन किया। केंद्र में सभी मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मंत्री जायसवाल ने रेशम केन्द्र सारंगपुर, मड़ई में शहतूत के पौधों का रोपण किया।

उन्होंने नया सिल्क टूरिज्म केंद्र का भी अवलोकन किया। मंत्री जायसवाल ने कहा कि जल्द ही सिल्क टूरिज्म को बढ़ावा दिया जाएगा और इसके लिए सभी आवश्यक उपाय किए जाएंगे। सिल्क को प्रमोट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जो कार्य चल रहे हैं वह भी बहुत ही बेहतर तरीके से चल रहे हैं, इसे और आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने सिल्क टूरिज्म केंद्र की सराहना की। मंत्री जायसवाल ने बताया कि कामती में जल्द ही प्राकृतिक शोरूम खोला जाएगा। मंत्री जायसवाल ने जिला रेशम अधिकारी रविंद्र सिंह को निर्देश दिए कि वह प्राकृतिक शोरूम खोलने के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। मंत्री श्री जायसवाल ने बताया कि रेशम को बढ़ावा देकर आम लोगों में रेशम के वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ाया जाएगा। रेशम सिल्क वस्त्रो का विपणन कर सभी जगह सिल्क को बढ़ावा दिया जाएगा। मंत्री जायसवाल ने कहा कि पर्यटन स्थलों पर आने वाले टूरिस्ट को भी रेशम वस्त्र की जानकारी दी जाएगी। उन्हें रेशम के वस्त्र खरीदने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने पहले से स्थापित रेशम शोरूम में और भी वैरायटी के समान वस्त्र रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान रेशम कार्य में लगी श्रमिक महिलाओं ने मंत्री जायसवाल का पुष्प कुछ भेंट कर स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सोहागपुर ब्रजेश रावत, तहसीलदार अलका एक्का एवं जिला रेशम अधिकारी रविंद्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# वैवाहिक वर्षगांठ पर शिक्षक ने स्कूल में किया पौधरोपण




**नर्मदापुरम।** शासकीय हाई स्कूल साकेत में पदस्थ पंकज वर्मा ने अपने वैवाहिक वर्षगांठ के उप लक्ष्य पर विद्यालय में वृक्षारोपण किया गया। जिसमें बेलपत्र ,कदंब एवं जामुन आदि पौधों का रोपण किया गया इस उपलक्ष्य पर उनकी धर्मपत्नी अचला वर्मा एवं विद्यालय की प्राचार्य सीमा राय तथा चंद्र मोहन गौर ,रेखा ,बड़गोत्री सुश्री दीप्ति गोहिया,मंजू यादव ,रिचा शुक्ला, जितेन्द्र शर्मा, संजय दमाडे, रामविलास कामले, सुरजीत कौर ,आभा चौरे ,नीरज चौधरी, रश्मि दीवान उपस्थित रहे एवं शपंकज वर्मा एवं श्रीमती अचला वर्मा ने संकल्प लिया कि हमें इन वृक्षों को अपने पुत्र के समान देखरेख करेंगे और प्रतिवर्ष इसी प्रकार से वृक्षारोपण करते रहेंगे।

### जिले में अब तक 144.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**नर्मदापुरम।** जिले में 1 जून 2024 से आज दिनांक 3 जुलाई को प्रातः 8 बजे तक जिले में 144.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 133.2 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 3 जुलाई 2024 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 4.9 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 5.0, इटारसी मे 7.4, माखननगर में 1.0, सोहागपुर में 3.6, पिपरिया में 1.3, बनखेड़ी 1.0, पचमढ़ी में 5.6 एवं डोलरिया तहसील में 6.0, मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि मानसून की वर्षा सतत जारी है। इसके चलते नर्मदा नदी एवं विभिन्न जलाशयों में भी जलस्तर में वृद्धि हो रही है। वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 934 फीट है।

# आरटीओ ने की स्कूल की 45 बसों की जांच, दुरूस्त कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




बुधवार को परिवहन आयुक्त, संभाग आयुक्त तथा कलेक्टर के निर्देशानुसार आरटीओ अधिकारी निशा चौहान के नेतृत्व में आरटीओ जांच दल द्वारा सिवनी मालवा तहसील में स्कूल बसों की जांच की गई तथा स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया साथ ही अपने आस पास के लोगो को भी जागरूक होने के लिए प्रेरित किया गया, विभिन्न स्कूलों की जांच में लगभग 45 बसों की जांच की गई, जिसमे एक स्कूल बस में ज्यादा कमी पाए जाने पर फिटनेस निरस्त किया गया, इसके अलाव 2 बसों में प्रदूषण प्रमाण पत्र नही पाए जाने पर 10000 हजार का चालान काटा गया तथा निम्न त्रुटि पाए जाने पर कमी पूर्ति के लिए निर्देशित किया गया। राइजिंग एकेडमी की बसें पाई गई। शत प्रतिशत पूर्ति - जांच दल को स्कूल बसों की जांच में राइजिंग स्कूल की बसें परिवहन विभाग द्वारा तय नियमों के अनुसार सभी मानकों की पूर्ति करते पाई गई, बसें अच्छी स्थिति में पाई गई, बस चालको द्वारा वर्दी का इस्तेमाल किया जा रहा था।

बच्चों को सुरक्षा के मद्देनजर सभी व्यवस्थाएं की गई, बस के कैमरे चालू स्थिति में पाई गए, बसों की जांच के बाद आरटीओ अधिकारी के द्वारा स्कूली बच्चो को यातायात नियमों के पालन तथा अपने मौलिक अधिकारों की जानकारी दी गई, आरटीओ अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले की सभी तहसीलों में आरटीओ जांच दल द्वारा स्कूली बसों की जांच लगातार की जाएगी, जिन स्कूल बसों में कमी पाई जाएगी उन बसों की फिटनेस निरस्त की कार्यवाही के साथ साथ सख्त चालानी कार्यवाही की जाएगी, इसीलिए सभी स्कूल संचालकों को अपने स्कूल की बसों की जांच उपरांत ही बस का संचालन करना चाहिए।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका अध्यक्ष नीतू यादव द्वारा बुधवार को मालाखेड़ी स्थित एचएसटीपी प्लांट पहुंचकर चल रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। पौधरोपण के दौरान नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, पार्षद प्रेमा पंकज पांडेय, एई रमेश वर्मा सहित नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। पौधरोपण के दौरान नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा अनुरूप परिषद द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर पौधरोपण किया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण के साथ ही उनकी देखभाल भी जरूरी है।

### मप्र टूरिज्म बोर्ड का टूर डी सतपुड़ा कल से

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा सायकिल सफारी के सहयोग से टूर-डी सतपुड़ा 2024 का आयोजन 5 जुलाई से किया जा रहा है। देश एवं विदेश के 16 साइक्लिस्ट छिंदवाड़ा और नर्मदापुरम जिले में 200 किलोमीटर तक का रोमांचक सफर तय करेंगे, जिसका समापन 07 जुलाई को पचमढ़ी में होगा। छिंदवाड़ा से शुरू होने वाली सफारी में सायक्लिस्ट को प्राकृतिक सौंदर्य के बीच चुनौतीपूर्ण चढ़ाई का सामना करना होगा। सतपुड़ा पर्वत श्रृंखलाओं के मनोरम गंतव्यों के अलावा उन्हें ग्रामीण जीवन व संस्कृति देखने का मौका भी मिलेगा। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति विभाग और प्रबंध संचालक म.प्र. टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि टूर-डी सतपुड़ा के माध्यम से हम लोगों को प्रदेश की ऑफबीट डेस्टिनेशन्स में मौजूद सुंदर परिदृश्य, वन्य जीवन और सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराना चाहते हैं। सायकिल सफारी के आयोजन का उद्देश्य मध्यप्रदेश को एडवेंचर टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने के साथ ही क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा देना है। छिंदवाड़ा, पातालकोट, तामिया, पचमढ़ी को साइक्लिंग कम्युनिटी के मध्य लोकप्रिय भी बनाना है, जिससे इस मार्ग पर नियमित रूप से साइक्लिंग गतिविधि संचालित हो सके। सभी प्रतिभागी 4 जुलाई को केम्प में पहुंचेगे।

# अभाविप ने किया डीईओ कार्यालय के सामने प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बुधवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। दोपहर करीब 1.30 बजे से 2.45 बजे तक सवा घंटे पदाधिकारी-कार्यकर्ता डीईओ दफ्तर के गेट पर बैठे रहे और नारेबाजी करते रहे। एक घंटे तक चले धरना-प्रदर्शन के बाद नायब तहसीलदार सृष्टि डेहरिया मौके पर पहुंची। छात्र कार्यकर्ताओं की मांगे पूछी तो जिला संयोजक मृदुल नाथ चौहान, देवा रुसिया ने कहा कि पहले डीईओ को बुलाओ, उन्हीं के सामने हम बात करेंगे। डीईओ हमारी बात सुनने बिना ही हमें देखकर बाइक पर बैठकर चले। अभाविप के संगठन मंत्री ने कहा निजी स्कूलों की मनमानी, बुक एक ही दुकान से मिलने व स्कूल ड्रेस हर साल बदलने वाले स्कूल प्रबंधन व बुक डिपों पर कार्रवाई करने में जिला प्रशासन क्यों देरी कर रहा।

20 दिन पहले दिए ज्ञापन के बावजूद जिला प्रशासन व शिक्षा अधिकारी बता नहीं पा रहे कि कितनी स्कूलों पर क्या कार्रवाई की। संगठन मंत्री ने गुस्से-गुस्से कह दिया कि क्या कलेक्टर मेडम यहां से हटकर दूसरे जिले में चली जाएंगी, तब कार्रवाई होगी? संगठन मंत्री ने कहा वे कार्रवाई करने नहीं तो डीईओ को मैं नौकरी करना सीखा दूंगा। जिला शिक्षा अधिकारी एसबीएस बिसेन को चेतावनी दी कि 5 दिन में अगर जिला प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की तो हमारा नर्मदापुरम में चक्काजाम किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में ताला डालेंगे और पुतला दहन किया जाएगा। धरना प्रदर्शन में जिला संयोजक मृदुल नाथ चौहान, देवा रूसिया, लवलेश गड़वाल, दिव्यांश शर्मा,यशराज शंकत, राम यादव समेत अन्य छात्र नेता, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 93 केन्द्रों पर होगी मूंग और उड़द की खरीदी

**नर्मदापुरम।** मप्र शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार भारत सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ग्रीष्म कालीन मूंग एवं उड़द का वर्ष 2024 में समस्त पात्र कृषकों से एफ.ए.क्यू. मापदंड अनुरूप उपार्जन कार्य हेतु जिला प्रबंधक मप्र स्टेट वेयर हाउसिंग एवं लॉजिस्टिक कार्पोरेशन नर्मदापुरम से प्राप्त प्राथमिकता क्रम सूची मे वर्णित संयुक्त भागीदारी गोदामों का जिला स्तरीय उपार्जन समिति से अनुमोदन तथा खंड स्तरीय उपार्जन समिति से भौतिक सत्यापन उपरांत 73 उपार्जन केन्द्र निर्धारित किए गए थे, इन केन्द्रों के अलावा 14 केन्द्र और स्थापित किये गये थे अब 8 केन्द्र और स्थापित किये गये है। इस तरह जिले में कुल 95 केन्द्र स्थापित किये गये थे लेकिन उनमें से पिपरिया एवं बनखेडी केन्द्रों को हटा दिये गये हैं।

### बड़ी संख्या में श्रृद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

# रामजी बाबा समाधि दिवस पर हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम क्षेत्र के प्रसिद्ध संत शिरोमणि रामजी बाबा के समाधि पर बुधवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। जीवित समाधि स्थल पर सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा। बाबा की बरसी पर नर्मदाचंल, निमाड़ समेत प्रदेशभर से करीब 10 हजार से ज्यादा श्रद्धालु आए और आशिर्वाद लिया। इस दौरान भंडारे का भी आयोजन किया गया।

महंत वृंदावन दास महंत ने बताया रामजी बाबा की जीवित समाधि है। करीब 450 साल पहले आषाढ़ माह की बारस को जीवित समाधि ली थी। रामजी बाबा द्वारा जीवित योग समाधि लेने के चलते हर वर्ष यहां निशान चढ़ाकर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी समाधि स्थल को फूलों और पत्तों से सजाया गया। सुबह विशेष पूजा करने के बाद बाबा के प्रिय व्यंजनों का भोग लगाया गया।दोपहर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बाबा की बरसी पर नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, खंडवा, खरगोन समेत प्रदेशभर से 10हजार श्रद्धालु आशिर्वाद लेने पहुंचे। माघ पूर्णिमा के अवसर पर रामजी बाबा की समाधि पर निशान चढ़ाकर मेले का आयोजन किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### 24 घंटे में जिले में हुई 10.8 मिमी औसत वर्षा

**बैतूल।** जिले में गत 24 घंटे में 10.8 मि.मी औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 1 जुलाई 2024 की सुबह 8 बजे से 2 जुलाई 2024 की सुबह 8 बजे तक बैतूल में 15.6 मि.मी, घोड़ाडोंगरी 12.0 मि.मी, चिचोली 11.2 मि.मी, शाहपुर 30.0 मि.मी, मुलताई 8.6 मि.मी, प्रभातपट्टन 2.0 मि.मी, आमला 6.0 मि.मी, भैंसदेही 14.0 मि.मी, आठनेर 2.1 मि.मी तथा भीमपुर में 7.0 मि.मी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा 7 जुलाई को

**सीहोर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा 7 जुलाई को होने वाली केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) की एग्जाम सिटी स्लिप जारी कर दी गई है। सीटेट परीक्षा 136 शहरों में 20 भाषाओं में होगी। सीटेट एडमिट कार्ड के साथ सीटेट की परीक्षा के दिन उम्मीदवारों को वैध पहचान पत्र भी ले जाना होगा। अधिक जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

### हितग्राहियों के ईकेवाईसी सत्यापन 15 तक

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग द्वारा पेंशन हितग्राहियों का समग्र पोर्टल पर सत्यापन किया जाना है। जिसके तहत जिले में शेष हितग्राहियों का समग्र पोर्टल पर ई-केवाईसी किया जा रहा है। हितग्राहियों का पुनः सत्यापन जिलेवार 15 जुलाई तक पूरा करना होगा। आयुक्त, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण के अनुसार केन्द्र एवं राज्य सरकार की वृद्ध, विधवा, दिव्यांग जन सहित 6 प्रकार की पेंशन योजनाएं पोर्टल के माध्यम से की जाती है। इन योजनाओं के हितग्राहियों का आधार ई-केवाईसी अप्रैल महीने से लगातार किया जा रहा है।

### पर्यटन क्विज स्पर्धा 27 जुलाई को

**सीहोर।** मप्र पर्यटन विभाग द्वारा जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के माध्यम से मप्र पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 27 जुलाई को होगी। शासकीय और अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे।

### बीज विक्रय के लिए लाइसेंस जरूरी

**सीहोर।** निजी बीज विक्रेता, सब्जी, मसाला, पुष्प एवं औषधीय फसलों के बीजों का व्यापार उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिए बिना नहीं कर सकेंगे। उक्त बीजों के व्यापार के लिये विक्रेता को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाए जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 के प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### नर्सिंग फर्स्ट ईयर की परीक्षा 6 अगस्त से

**सीहोर।** मप्र आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय ने बीएससी नर्सिंग फ़र्स्ट ईयर, पीबी बीएससी फ़र्स्ट ईयर और एमएससी नर्सिंग फ़र्स्ट ईयर की परीक्षाओं का टाइम टेबल जारी किया है। इसमें पीबी बीएससी नर्सिंग फ़र्स्ट ईयर के एग्जाम 6 अगस्त से शुरू होकर 2 सितंबर तक चलेंगे। इसके अलावा बीएससी नर्सिंग फ़र्स्ट ईयर के एग्जाम 8 अगस्त से शुरू होकर 27 अगस्त तक चलेंगे वहीं, एमएससी नर्सिंग फ़र्स्ट ईयर के एग्जाम 13 अगस्त से शुरू होकर 27 अगस्त तक चलेंगे।

### जिले में 154.1 एमएम औसत बारिश दर्ज

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 08 बजे तक 8.1 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 4, एमएम, श्यामपुर में 30, आष्टा में 8, जावर में 5, इछावर में 3, भैरूंदा में 4, बुधनी में 5, रेहटी में 6 एमएम वर्षा दर्ज की गई है। जिले में एक जून से दो जुलाई को सुबह 8 बजे तक 154.1 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 175.9 एमएम थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 एमएम है। अधीक्षक भू-अभिलेख के अनुसार।

---

### विधायक के प्रयासों से करबला माचना पर बनेगा उच्च स्तरीय ब्रिज

# बजट में ब्रिज बनाने 6.72 व गड़ाघाट मार्ग के लिए 2.90 करोड़ रु. स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

**टिकारी हनुमान मंदिर से एनएच तक गड़ाघाट सड़क का निर्माण भी होगा**



जिला मुख्यालय बैतूल सहित जिलेवासियों के सुलभ आवागमन के लिए बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल के विशेष प्रयासों से करबला माचना पर उच्च स्तरीय ब्रिज का निर्माण होगा। साथ ही बैतूल टिकारी हनुमान मंदिर से एनएच तक गड़ाघाट मार्ग पर टू लेन सड़क बनेगी।

मप्र के 2024-25 के बजट में माचना पर उच्च स्तरीय ब्रिज निर्माण के लिए 6 करोड़ 72 लाख एवं पुलिया सहित 2.20 किमी गड़ाघाट सड़क निर्माण के लिए 2 करोड 90 लाख रुपये की स्वीकृत मिली है। करबला माचना पर उच्च स्तरीय ब्रिज निर्माण से बारिश के दिनों में आवगमन अवरुद्ध होनें एवं अक्सर होनें वाली दुर्घटनाओं से राहत मिलेगी।

साथ ही गड़ाघाट मार्ग पर टू लेन सड़क निर्माण होनें से बैतूल शहर वासियों का एनएच तक आवागमन सुलभ हो जायेगा। पुराने एनएच बैतूल खेड़ी परतवाड़ा मार्ग पर जिला मुख्यालय के समीप करबला माचना की पुलिया सकरी एवं कम हाइट की होनें से बारिश के दिनों में बाढ आनें से अक्सर आवागमन बाधित हो जाता था। जिला मुख्यालय आने - जानें के सबसे व्यस्ततम मार्ग पर बारिश में आवागमन बाधित होनें से ग्रामीणों,किसानों,बीमार पीडितों,छात्र-छात्राओं सहित अन्य लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पडता था। इतना ही नही माचना की पुलिया अंत्यन्त सकरी एवं जर्जर हो जानें से यहाँ अक्सर दुर्घटनायें होती थी। पुल पर क्रॉसिंग के दौरान चौपहिया एवं दोपहिया वाहनों के नदी में गिरने के अनेक हादसे हो चुके है।

#### 6 मीटर ऊंचाई का डबल लेन ब्रिज बनेगा

चिचोली, भीमपुर, भैसदेही, परतवाड़ा, अमरावती, इन्दौर से बैतूल आवागमन में करबला माचना की जर्जर हो चुकी सकरी पुलिया बड़ी बाधा मानी जाती थी। बीते अनेक वर्षो से सुलभ आवागमन के लिए यहाँ बडे ब्रिज के निर्माण की मांग की जा रही थी। बैतूल विधायक हेमंत खण्डेवाल नें विधायकी के पहले कार्यकाल में भी ब्रिज स्वीकृत करवानें के प्रयास किये थे। लेकिन एनएच एवं पीडब्लूडी के अधिकारियों में सामंजस्य का अभाव होनें से ब्रिज निर्माण नहीं हो पाया था। आम जन के सुचारू आवागमन के लिए बैतूल विधायक खण्डेलवाल द्वारा किये गये विशेष प्रयासों से करबला माचना पर उच्च स्तरीय ब्रिज निर्माण के लिए 6 करोड़ 72 लाख रुपये की राशि बजट में स्वीकृत की गई है। ब्रिज का निर्माण ब्रिज कॉरपोरेशन करवाएगा। 6 मीटर ऊंचे डबल लेन ब्रिज निर्माण होने से बारिश में हादसे भी नहीं होगें।

#### पुलिया सहित टू लेन बनेगी गड़घाट सड़क

बैतूल शहर को एनएच से जोड़ने वाले टिकारी गड़घाट मार्ग के क्षतिग्रस्त होनें एवं बारिश में बाढ़ आने से आवागमन में परेशानी होती थी। शहरवासियों के सुचारु आवागमन के मद्देनजर बैतूल विधायक नें पुलिया सहित 2.20 किमी गड़ाघाट मार्ग पर टू लेन सड़क स्वीकृत करवाई है। बजट में उक्त सड़क निर्माण के लिए दो करोड़ 90 लाख रुपये स्वीकृत हुए है। टिकारी हनुमान मंदिर से एनएच तक टू लेन गड़ाघाट सड़क निर्माण होनें से आवागमन सुलभ हो जायेगा।

---

### घर जा रहा था ग्रामीण

## बाइक की टक्कर से ग्रामीण व ट्रेन की चपेट में आने से एक की मौत




हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

बस से उतर कर घर जा रहे ग्रामीण को बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल की जिला अस्पताल लाते समय मौत हो गई। इधर जिला मुख्यालय पर एक अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। दोनों ही मामलों में जांच की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जाखली निवासी ओझू आहके (45) अपने ससुराल चिखलार गया था। वहां से वह लौट रहा था। वह पाढर तक बस से आया। यहां बस से उतरकर घर जा रहा था। इसी बीच बाइक सवार दो युवकों ने उसे टक्कर मार दी। जिससे ओझू गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने यह देखा तो उसे रात करीब साढ़े 10 बजे घायल हालत में उसे जिला अस्पताल लाया गया था। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना के दौरान बाइक सवार मौके पर ही बाइक छोड़कर भाग गए। इस पर नंबर नहीं है। बताया जाता है कि मृतक के दो बेटे हैं। उसकी पत्नी मजदूरी के लिए हसलपुर गई हुई थी। जिला अस्पताल पुलिस ने मृतक का पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को भेजी गई है।

#### रेलवे ट्रैक पर मिली अज्ञात व्यक्ति की लाश

इधर जिला मुख्यालय पर बैतूल से इटारसी की ओर जाने वाले रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति की कटी लाश मिली है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। जीआरपी ने फिलहाल इसे सुरक्षित रखवा दिया है। जीआरपी के मुताबिक सुबह रेलवे प्रबंधन से तहरीर मिली थी कि सदर अंडर ब्रिज के पास रेलवे पटरी के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंचे बल ने इटारसी की ओर जाने वाले ट्रैक से करीब 55-60 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद किया है। यह ट्रेन की चपेट में आने से बुरी तरह कट चुका था। शव को लेकर आशंका जताई जा रही है कि रेलवे पटरी पार करते हुए मृतक हादसे का शिकार हुआ है। मोड़ होने के कारण शायद मृतक को आने वाली ट्रेन दिख नहीं पाई होगी और वह हादसे का शिकार हो गए। उसकी पहचान करने के प्रयास किए जा रहे है। उसने सफेद शर्ट, काला पेंट पहने हुए थे। इस मामले में कोतवाली और गंज पुलिस को भी जानकारी भेजकर गुम इंसानों की जानकारी जुटाई जा रही है।

---

### जन प्रतिनिधि प्रोजेक्ट बनाकर लाएं

## पर्यटन की अपार संभावना का जिला है बैतूल : वन मंत्री चौहान



**बैतूल।** प्रदेश सरकार के वन मंत्री नागर सिंह चौहान आज अल्प प्रवास पर बैतूल पहुंचे। जीला मुख्यालय स्थित वन विश्राम गृह में उन्होंने पत्रकारों से अनोपचारिक चर्चा में कहा कि पर्यटन विकास के लिहाज से बैतूल जिला बहुत सम्पन्न है।

श्री चौहान ने कहा कि बैतूल जिला जल जंगल जमीन के मामले में बहुत सक्षम है, यंहा पर मध्यप्रदेश का सबसे अच्छा जंगल भी है। जल और झरने भी है, मुझे लगता है यंहा के जो हमारे जन प्रतिनिधि अगर कोई प्रोजेक्ट बना कर लाएंगे तो हम उस पर विचार करेंगे। वन मंत्री चौहान ने सारणी-चोपना सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से जुड़े क्षेत्र में पर्यटन के प्रश्न पर कहा कि आमला सारणी विधायक डॉ योगेश पडाग्रे के प्रस्ताव को मुख्यालय पर दिखवाया जाएगा। जिला स्तर पर या राज्य स्तर पर कन्हा रुका हुआ है। इसके अलावा श्री चौहान ने वन ग्रामो को राजस्व ग्राम बनाये जाने के सवाल पर कहा कि प्रदेश के 550 वन ग्रामो को राजस्व ग्राम करने की प्रक्रिया चल रही है । चुनावो से अब फ्री हुए है और जल्द ही मुख्यमंत्री मोहन यादव से चर्चा कर राजस्व ग्राम बनाने की जल्द से जल्द पहल हो, ताकि हमारे वन ग्रामो में रहने वाले भाई बहनों को योजनाओं का लाभ मिल सके।

---

**पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में बताया**

## भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने एक पेड़ मां के नाम अभियान में रोपे पौधे

### पीएम की पहल को मिला अधिवक्ताओं का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ किए गए 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत भाजपा विधि प्रकोष्ठ द्वारा बुधवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय मिश्रा, संजय शुक्ला अधिवक्ता, जिला संयोजक भाजपा विधि प्रकोष्ठ दिलीप यादव, दीपक श्रीवास्तव, रजनी बेस, सुनील अग्रवाल, उषा वर्मा, सुनील जैन, नरेश मंडवेकर, राधव बारस्कर, पूनम गौर, बाली अमरूते, और सुनीता अंबुलकर समेत कई अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना था। अधिवक्ताओं ने इस अभियान के तहत पौधरोपण कर प्रधानमंत्री के इस प्रयास को समर्थन दिया और समाज को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर चर्चा की और समाज के सभी वर्गों से इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की।

उनका मानना है कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाए, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और हरित वातावरण का निर्माण किया जा सके। इस कार्यक्रम ने पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक किया, समाज में एक सकारात्मक संदेश भी फैलाया कि हम सब मिलकर ही पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सकते हैं।

---

### पावर लिफ्टिंग में इंदौर में लहराया परचम

**सीहोर।** खेल जगत के क्षेत्र में सीहोर के होनहार युवा खिलाड़ियों ने प्रदेश, देश ही नहीं अपीतु विदेश में भी सीहोर का नाम रोशन किया है। इसी कड़ी में विगत दिनों इंदौर में आयोजित हुई प्रदेश स्तरीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में सीहोर के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनके कोच जुबेर कुरेशी ने बताया कि जिसमें सिनियर वर्ग में जितेन्द्र यादव ने 93 किग्रा वर्ग में कास्य पदक प्राप्त किया वहीं जुनियर वर्ग में ऋषभ यादव ने 83 किग्रा.वर्ग में रजत पदक, सिनियर वर्ग में जितेन्द्र महेश्वरी ने 59 किग्रा वर्ग में रजत पदक, सिनियर वर्ग में अंकित भल्लावी ने 83 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक, महिला सिनियर वर्ग में शीतल कौशल ने 63 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक, सब जुनियर वर्ग में वीरसिंह राजपूत ने 66 किग्रा में कास्य पदक कर सीहोर को गौरवान्ति किया।

---

## तहसीलदार पाठे को हटाया, चार्ज तिवारी को सौंपा

### लंबित शिकायतों की कलेक्टर ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण में भारी लापरवाही को देखकर कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने अधिकारियों को परफॉर्मेंस सुधारने के निर्देश दिए। सूर्यवंशी मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकृत प्रकरणों की समीक्षा कर रहे थे।

उनकी परफॉर्मेंस रिपोर्ट पर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए बैतूल तहसीलदार गोवर्धन पाठे को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। चार्ज तहसीलदार प्रदीप तिवारी को दिया गया है। समीक्षा बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षत जैन, एडीएम राजीव नंदन श्रीवास्तव, संयुक्त कलेक्टर मकसूद अहमद उपस्थित थे। कलेक्टर सूर्यवंशी ने जिले में पदस्थ सभी विभाग प्रमुखों से मिली रेटिंग को सुधारने के निर्देश दिए। सूर्यवंशी जिले के सभी अधिकारी के साथ वर्चुअली और समक्ष में चर्चा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शासकीय कार्यों के निष्पादन के साथ अधिकारियों का यह भी दायित्व है कि लोक सेवक होने के नाते उनका व्यवहार आमजन के प्रति मैत्रीपूर्ण होना चाहिए। शासकीय कार्यों के निष्पादन तक ही सीमित ना रहे। आम जनता की शिकायत को भी प्राथमिकता से निराकृत करें। कलेक्टर ने कहा कि 5 जुलाई तक 75 प्रतिशत शिकायतों का निराकरण के निर्देश दिए गए थे। अधिकतर विभाग टारगेट से अत्यधिक दूर है।

#### अर्थदंड से किया जाएगा दंडित

कलेक्टर कहा कि आगामी बैठक में परफार्मेंस खराब मिलने पर अर्थदंड से दंडित किया जाएगा। दंड की राशि कम से कम 200 रुपए और अधिक से अधिक लोक सेवा गारंटी के तहत काम नहीं करने पर एक दिन के अर्थदंड से दंडित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आप लोग 75 प्रतिशत शिकायतों के निराकरण का लक्ष्य सुनिश्चित करें। बैठक में श्रम, जेल, ग्राम एवं कुटीर उद्योग, राजस्व, पीएचई, सिंचाई, स्कूल शिक्षा, पीडब्ल्यूडी, सामाजिक न्याय, वन, ट्रायबल, खाद्य, आईटी योजना आदि विभागों की समीक्षा की गई। तहसीलदार, मुलताई, आठनेर, घोड़ाडोंगरी, शाहपुर, आमला, पट्टन, से भी वर्चुअली परफार्मेंस रिपोर्ट पर बिंदुवार चर्चा की।

---

## कोतवाली पुलिस की कार्रवाई: चोरी गया पिकअप वाहन, कृषि यंत्र और पंप जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




कोतवाली पुलिस ने चोरों को गिरफ्तार कर चोरी गया पिकअप वाहन व कृषि यंत्र पंप जब्त कर लिए हैं। बताया जा रहा है कि संतोष अग्रवाल ने 14 जून को रिपोर्ट की थी कि मिडंका बड़नगर भारत पचलाना उज्जैन में रहता हूं। ड्राइवर का काम करता हूं। बोलेरो पिकअप में बडनगर से अमन वाला फैक्ट्री से ट्रैक्टर द्वारा खेती में दवाई छीटने वाले चार नग बड़े पंप लोड कर सीहोर के लिए निकला था। रात करीब 11 बजे सीहोर के मंत्री पेट्रोल पंप इंदौर नाका के सामने पहुंचकर अमन एग्रो के मालिक को फोन लगाया। जिन्होंने बताया कि माल सुबह खाली करेंगे तो लोडिंग वाहन को अमन एग्रो के सामने रोड पर खड़ी कर पास में बने माताजी के मंदिर में जाकर सो गया। सुबह 6 बजे उठा तो देख मेरी लोडिंग पिक अप खड़े किए स्थान पर नहीं दिखी। आसपास तलाश किया कोई पता नहीं चला। कोई अज्ञात चोर पिकअप बोलेरो को माल सहित चोरी कर ले गया है। पुलिस ने सूचना के आधार पर संदेही अंकित कुमार निवासी बेहरावल तहसील से पूछताछ करने पर दो आरोपी द्वारा इंदौर नाका सीहोर से पिकअप वाहन लोडिंग व दवाई छीटने वाले चार नग बड़े पंपचोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने चोरी की गई। पिकअप महिंद्रा और चार पंप बड़े दवा छीटने वाले जब्त कर लिए।

---

### लोगों ने किया प्रदर्शन

## राहुल गांधी देते हैं हमेशा विवादित बयान: नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को हिंसक बताने वाला बयान दिया था। इसको लेकर पूरे देश में राहुल गांधी का विरोध हो रहा है। शहर के कोतवाली चौराहे पर भाजपा नगर मंडल के तत्वावधान में भाजपा कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए मुर्दाबाद के नारे लगाए। साथ ही उनका पुतला फूंककर इस मामले में माफी मांगने की मांग की है। मंगलवार की शाम को चार बजे शहर के कोतवाली चौराहे पर भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के नेतृत्व में राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को हिंसक बताने वाले बयान पर विरोध प्रदर्शन करते हुए राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाए। साथ ही राहुल गांधी का पुतला दहन भी किया। इस दौरान वक्ताओं ने माफी मांगने के लिए कहा। बता दें कि सोमवार को राहुल गांधी ने हिंदुओं को हिंसक बताया था। जिसको लेकर पूरे देश में आक्रोश है। राहुल गांधी हमेशा विवादित बयान देते हैं। वह हिंदू विरोधी हैं। उन्होंने हिंदुओं की भावनाओं को कई बार आहत किया है। इसलिए राहुल गांधी माफी मांगे नहीं तो उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही उनकी सदस्यता को भी रद्द किया जाए। अगर राहुल गांधी दोबारा ऐसी गलती करते हैं, तो उनको सदन से निष्कासित किया जाना चाहिए।

---

### सीएम की मंशा के अनुरूप स्वरोजगार प्रदान करने का उद्देश्य

## अजा के उद्यमियों को स्वरोजगार करने मिलेंगे एक लाख

### 18 से 55 वर्ष तक के युवा एवं अधेड़ लोगों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

राज्य शासन द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मंशा के अनुरूप स्वरोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से संत रविदास स्वरोजगार योजना, डॉ.भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना एवं महिलाओं के लिए सावित्री बाई फुले स्वसहायता समूह विकास योजना के अंतर्गत आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है।

18 से 55 वर्ष तक के युवा एवं अधेड़ लोगों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से 2024-25 के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है।कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के अनुमोदन से बताया गया कि अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्या. बैतूल के अंतर्गत इस योजना में विनिर्माण इकाई के लिए एक लाख 50 हजार तक की परियोजना स्वीकृत की गई है। जबकि सेवा इकाई के अंतर्गत खुदरा व्यवसाय हेतु एक लाख से 25 लाख तक की परियोजना लागत होगी। अनुसूचित वर्ग के हितग्राहियों के लिए चलाई गई इस योजना के अंतर्गत बैंक द्वारा 5 प्रतिशत की दर से प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 7 वर्षों तक नियमित ऋण भुगतान पर दिया जाएगा। इसके तहत पात्र उम्मीदवार अनुसूचित जाति का हो इस हेतु सक्षम राजस्व अधिकारी का जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। आवेदक जिले का मूल निवासी हो सक्षम राजस्व अधिकारी का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। आवेदक की उम्र 18 से 45 वर्ष के मध्य तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं उत्तीर्ण हो। परिवार की वार्षिक आय 12 लाख से अधिक न हो।

#### इस आधार पर मिलेंगे रुपए

इस योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग उम्मीदवार पात्र उम्मीदवारों को 10 हजार से 1 लाख तक की राशि स्वीकृत की जाएगी। पात्र उम्मीदवार को 7 प्रतिशत की समान ब्याज दर पर ब्याज अनुदान अधिकतम 5 वर्षों तक नियमित ऋण पर दिया जाएगा। इसके तहत आवेदक अनुसूचित जाति का हो इस हेतु सक्षम राजस्व अधिकारी का जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। आवेदक जिले का मूल निवासी हो सक्षम राजस्व अधिकारी का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। आवेदक की उम्र 18 से 55 वर्ष के मध्य हो तथा वह आयकर दाता न हो। अनपढ़, शिक्षित व्यक्ति भी आवेदन कर सकते है।

#### 7 समूह होंगे लाभान्वित

कार्यपालन अधिकारी अंत्याव्यवसायी सहकारी द्वारा बताया गया कि इस योजना के अंतर्गत 2024-25 में 7 समूहों को लाभान्वित करने का लक्ष्य है। इसके अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग की वे महिलाओं को समूह जिनकी आयु 18 से 55 वर्ष के मध्य हो और जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालों की श्रेणी में आती है अथवा जिनकी आय शहर क्षेत्र में 55 हजार और ग्रामीण क्षेत्र में 40 हजार रुपये वार्षिक से अधिक नहीं हो, वर्ग के 5 से 10 महिला समूह को लघु, कुटीर एवं पशुपालन एवं हस्तशिल्प जैसे परंपरागत व्यवसाय में आवश्यकतानुसार बैंक के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।

योजनांतर्गत लाभ लेने के लिए इच्छुक महिलाएं स्वयं के उक्त पात्रतानुसार प्रमाण पत्रों की मूल प्रति के साथ जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित नये कलेक्ट्रेट संयुक्त कार्यालय भवन कक्ष क्रमांक एस-25 बैतूल में कार्यालयीन समय सुबह 10 से शाम 6 बजे तक संपर्क कर सकते है। योजना की विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रारूप कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त कर सकते है।

# कड़ी मेहनत और लगन के साथ अपने कॅरियर पर ध्यान दें

## नव प्रवेशित विद्यार्थियों को दी पाठ्यक्रम सहित कालेज की हितकारी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखन नगर

महाविद्यालय के नवीन सत्र में प्रवेश लेने वाले नव प्रवेशित विद्यार्थियों का 1 जुलाई 2024 से दीक्षाराम प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था जो आज 3 जुलाई दिन बुधवार को जन भागीदारी अध्यक्ष श्री सुरेश अग्रवाल जी और जन भागीदारी सदस्य

देवी सिंह राजपूत वह महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर आरके चौकीकर की गरिमामय में उपस्थिति में संपन्न हुआ। मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी पत्र की परिपालन में नवीन सत्र प्रारंभ होने पर जिन विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में प्रवेश ले चुके हैं उन समस्त विद्यार्थियों का 1 जुलाई को प्रवेश उत्सव मनाया गया तत्पश्चात द्वितीय दिवस इन विद्यार्थियों को शासन के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी एवं लाईब्रेरी, खेल विभाग, प्रयोगशालाएं आदि अन्य संसाधनों से विद्यार्थियों को अवगत कराया।इस दीक्षांरभ समारोह के तीसरे व समापन के दिन मंच संचालन करते हुए डॉक्टर अमिताभ शुक्ला ने बताया कि इस वर्ष शासन की मंशा अनुसार विद्यार्थियों को अपना महाविद्यालय को पहचानने के लिए यह तीन दिवसीय दीक्षांरभ कार्यक्रम आयोजित किया गया था। अपने प्रारंभिक उद्बोधन में प्रोफेसर चौकीकर ने शासन द्वारा चलाए जा रहे दीक्षांरभ कार्यक्रम के उद्देश्य व दो दिवसीय क्रियाकलापों का वर्णन किया। माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर की जनभागीदारी अध्यक्ष श्री सुरेश अग्रवाल जी ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि आप स्कूल की दुनिया से निकाल कर आप उच्च शिक्षण संस्थान में आप अध्ययन करने आए हुए हैं ,यहां से आपके उज्जवल कैरियर की शुरुआत होगी ,संघर्ष आपको करना पड़ेगा, महाविद्यालय अध्यापकों का प्रतिदिन आपको सहयोग मिलेगा।

रजनभागीदारी सदस्य देवी सिंह राजपूत ने विद्योर्थियों से कहा कि कड़ी लग्न व मेहनत करके आप अपने परिवार का महाविद्यालय व अपने गुरु का नाम रोशन करें, ऐसी मैं आप लोगों से अपेक्षा रखता हूं।



### अनुशासन व रैगिंग पर की चर्चा विद्यार्थियों ने किया पौधरोपण



राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठन प्रोफेसर डी एस खत्री ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों के बीच महाविद्यालय अनुशासन व रैगिंग पर विस्तार से अपनी बात रखी। महाविद्यालय प्रवेश प्रभारी डॉक्टर आई एस कनेश ने नई शिक्षा नीति से विद्यार्थियों को अवगत कराया। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो आर एस पटेल ने आभार प्रदर्शन किया आभार प्रदर्शन उपरांत मुख्य अतिथियों व प्रभारी प्राचार्य के द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में पौधरोपण कराया गया। साथ ही महाविद्यालय परिवार से डॉक्टर कविता दुबे, राजकुमार पटवा, सुरेश यादव रामविलास मेहरा, अशोक पाटिल, सहित नव प्रवेशित विद्यार्थियों ने महाविद्यालय प्रांगण में पौधरोपण किया।

## ऑटो के लिए स्थान तय, भारी वाहनों पर भी लगाई रोक

# वाहन चालकों और आटो संचालकों को नियम के साथ चलना होगा

इटारसी शहर को विकास की दरकार हैं, लेकिन बुधवार हुई बैठक में लिए गए फैसलों पर अमल कराया जाये तो, यह साकार हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नेताओं की राजनीति और अफसरों के चहेतों से गठजोड़ के कारण आमजनों की राह न तो सुरक्षित है और न ही सहज है। शहर का दायरा तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन बुनियादी सुविधाओं की कमी हमेशा ही दिखाई देती हैं। ऐसे में यातायात भी एक बड़ी समस्या बनी है। जिस पर अंकुश लगाने के प्रयास फिर नए सिरे से किये जा रहे है।

ऐसे में सुरक्षा के साथ खतरा बने ऑटो और भारी वाहनों को अब नियमों का पालन करना होगा। बुधवार को एसडीएम ने बैठक ली जिसमें आटो रिक्शा स्टैंड के लिए स्थान तय किये गए। वहीं सुबह 10 से रात 10 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश निषेध कर दिया गया।यह सभी फैसले शहर की यातायात व्यवस्था को पुनः पटरी पर लाने के प्रयास के तहत होगी। इटारसी शहर में जगह जगह ऑटो खड़े कर ऑटो चालक मनमानी करते है जिस पर अंकुश लगेगा।



### चार स्थान तय

शहर में आटो रिक्शा स्टैंड के लिए स्थान तय किये हैं। चार स्थानों पर बाजार के आसपास आटो रिक्शा स्टैंड रहेंगे। इनके अलावा कहीं भी आटो रिक्शा खड़े मिले तो कार्रवाई की जाएगी। बुधवार को एसडीएम टी प्रतीक राव ने विश्राम गृह में बैठक लेकर आटोरिक्शा चालकों के साथ चर्चा की और चार स्थान तय किये हैं।

ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए पुलिस और प्रशासन का अभियान चल रहा है। इसी के अंतर्गत विश्राम गृह में बैठक हुई है। बैठक में एसडीएम टी प्रतीक राव के साथ ही टीआई गौरव सिंह बुंदेला, ट्रैफिक इंचार्ज सुनील घावरी, तहसीलदार सुनीता साहनी भी मौजूद रहीं। इस दौरान आटो चालकों से उनकी बात भी सुनी गयी।

शहर में आटो रिक्शा स्टैंड के लिए अस्थायी तौर पर चार स्थान तय किये हैं। इनमें आरएमएस तिराहा से नेहरुगंज रोड पर चौपाटी के समीप रोड किनारे, पोर्टरखोली में लोडिंग आटो, नये ब्रिज के पास सवारी आटो तथा नीलम से आगे यातायात चौकी के पास के स्थान अस्थायी तौर पर तय किये गये हैं।

### 12 घंटे नो एंट्री जोन

सुबह 10 से रात 10 तक शहर को भारी वाहनों के लिए नो एंट्री जोन बनाया गया है। पुलिस ने व्यापारियों की एक बैठक लेकर शहर में भारी वाहनों का प्रवेश सुबह 10 से रात 10 बजे तक प्रतिबंधित किया है। मगर देखने में आ रहा है कि शहर के अटल पार्क के पास स्थित हार्डवेयर की दुकानों में लोहे से भरे भारी वाहनों का आना-जाना नहीं रुक पाया है। हालांकि यह नया आदेश नहीं है, बल्कि दो दशक से भी अधिक समय से शहर में दिन के वक्त निर्धारित समय में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित है। बावजूद इसके ट्रैफिक अमला तो भैरव मंदिर के पास, पुलिस थाने के सामने, ओवरब्रिज के तिराहे पर या फिर ग्वालबाबा के पास चालानी कार्रवाई में व्यस्त रहता है, ऐसे में भारी वाहनों को रोकने कर्मी नहीं रहते है।

बहरहाल पुलिस व्यापारियों पर ही निर्भर है और उनसे प्रतिबंधित समय में वाहनों का प्रवेश न हो, यह व्यवस्था की जा रही है। किराना व्यापारी संघ से यातायात इटारसी प्रभारी सुनील घावरी ने एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान व थाना प्रभारी इटारसी गौरव बुंदेला के निर्देशानुसार चर्चा करके बाजार में नो एंट्री के संबंध में जानकारी दी। इसके अनुसार सुबह 10 बजे से लेकर रात्रि 10 बजे तक नो एंट्री बड़े वाहनों के लिए समय व्यापारियों द्वारा सहमति से मान्य किया। उक्त समय अनुसार वरिष्ठ कार्यालय से नो एंट्री के संबंध में आदेश जारी होने के पश्चात नो एंट्री का पालन किया जाएगा। अब देखना है कि इसका कितना पालन होता है।

# पहली बारिश में ही उधड़ी साइड शोल्डर की मुरुम की सड़क

## हादसों को न्योता दे रहे हैं गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद



स्टेट हाईवे नंबर 22 पिपरिया नर्मदापुरम सड़क पर साइड शोल्डर भरने का जो कार्य बारिश पूर्व किया जाना वह बारिश आने के बाद किया जा रहा है सड़क के किनारे फैलाई गई मुरुम वाहनों के टायरों में चिपक कर गायब होती जा रही है जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बन रही है।

इस संबंध में मध्य प्रदेश सड़क विकास प्राधिकरण के अधिकारी दिनेश लोवंशी से बात करने पर उन्होंने बताया कि सड़क के किनारे साइड शोल्डर भरने के लिए जो मोरम डाली गई है उसे पर रोलिंग होना बाकी था बारिश आ जाने के कारण रोलर नहीं चल पाया है जिसके कारण मोरम साइड शोल्डर से हट रही है जल्द ही बारिश रुकने पर रोलर चलवाया जाएगा जिससे साइड शोल्डर की मिट्टी यथावत रहे।

# आबकारी अधिकारी नीलेश पवार ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नगर में लगातार 2 वर्षों से शराब माफिया के द्वारा प्रशासन की लगातार कार्रवाई के बाद भी अवैध रूप से शराब तैयार की जा रही थी तथा बिक्री के साथ-साथ बाहर परिवहन भी किया जा रहा था। सूचना प्राप्त होने के अलावा समय-समय पर पुलिस प्रशासन एवं पदस्थ आपकारी अधिकारियों के द्वारा छापामार कार्रवाई की जाती थी जिसमें कई लोगों के खिलाफ कैसे भी बनाए गए हैं कई लोगों को जेल भी भेजा गया है। लेकिन उसके बाद भी शराब माफियाओं में अधिकारियों के प्रति किसी तरह का खौफ नहीं था और दिन प्रतिदिन उनका धंधा बढ़ता ही जा रहा था। प्रदेश शासन आबकारी विभाग के द्वारा आने वाले नागद्वारी मेल को देखते हुए पचमढ़ी ए मटकुली एवं पिपरिया सहित आसपास के क्षेत्र में शराब माफिया के खिलाफ कार्यवाही करने तथा उन्हें दंडित करवाने के लिए अथक प्रयासरत रहे पूर्व में पदस्थ रहे आबकारी व्रत अधिकारी निलेश पवार को पुनः पिपरिया में पदस्थ किया गया है। करने आते ही लगातार छापामार कार्यवाही प्रारंभ की।

### एमजीएम कॉलेज में दीक्षारंभ में ज्ञान बढ़ाया

इटारसी। शासकीय एमजीएम कालेज में आज तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का समापन हो गया। प्राचार्य डॉ राकेश मेहता ने समापन दिवस पर कहा कि जिज्ञासा मनुष्य की मूल प्रवृत्ति है और जिज्ञासा को शांत करने के लिए मानव सदैव अपने अनुभव के आधार पर शोध कार्य करता रहा है, जो मानव ज्ञान को दिशा प्रदान करता है। ज्ञान के भंडार को विकसित और परिमार्जित करता है, किसी भी क्षेत्र में ज्ञान की खोज करना या विधिवत्त गवेषणा करना है शोध है। डॉ. अरविंद शर्मा ने साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की चर्चा करते हुए कहा कि आज हम ऐसे युग में जी रहे हैं, जहां पर हमें साइबर सुरक्षा की आवश्यकता महसूस होती।

# सांसद ने की केंद्रीय मंत्री गडकरी से नेशनल हाईवे पर ब्रिज निर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनखेड़ी



होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने बुधवार दोपहर को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर संसदीय क्षेत्र में एक नेशनल हाईवे से दूसरे नेशनल हाईवे को जोड़ने एवं ब्रिज निर्माण का आग्रह किया। होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत नर्मदापुरम से करेली तक फोरलेन रोड के निर्माण के साथ ही नर्मदापुरम से हरदा मार्ग का निर्माण , देवरी में नेशनल हाईवे पर ब्रिज, सोहागपुर अंडरब्रिज सहित बनखेड़ी से झिरपा मार्ग जिसमें कुल 10 किमी का वनक्षेत्र आता हैं जो STR मुक्त क्षेत्र हैं। के निर्माण करवाने का आग्रह किया। होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र से लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने बताया कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी बेहद ही संवेदनशील व्यक्ति हैं। देवरी में नेशनल हाईवे पर ब्रिज निर्माण की मांग पर उन्होंने तत्काल सहमति जताई है।

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



वार्ड क्रमांक 1 में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं लिंग परीक्षण जो की कानूनी अपराध है के संबंध में कार्यशाला रखी गई। इस संबंध में आंगनबाड़ी पहुंची महिलाओं को जानकारी दी गई। पीसी एंन डीटी एक्ट के तहत अपराध करने पर 10000 का दंड एवं 3 वर्ष का कारावास हो सकता है इस विषय में भी जानकारी दी गई। अनिल चौधरी द्वारा पीसीपी एनडिटी एक्ट के बारे में महिलाओं और किशोरी बालिकाओं को जानकारी दी गई इस अवसर पर वार्ड सदस्य नेहा त्रिपाठी उपस्थित रही एवं एएन एम अरणा बद्री ममता सिस्टर पर्यवेक्षक रजनी वर्मा सहायिका आशा जावरिया महिलाएं एवं संबंधित आंगनबाड़ी के बच्चे मौजूद रहे।

# श्रृद्धालुओं ने शिव का अभिषेक कर मनाया भाजपा नेता का जन्म दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अभी भारतीय जनता पार्टी में भाजपा नेता सुरेश पचौरी के जन्म दिवस पर ग्राम पंचायत बांसखेड़ा में उनके कट्टर समर्थक सतपाल पलिया एवं पलिया परिवार के द्वारा भगवान शिव का रुद्राभिषेक की करते हुए 16 प्रकार से पूजा की और उनके मंगल जीवन की कामना की। के साथ भंडारेका भी आयोजन किया तथा वृक्षारोपण भी किया गया पचौरी का जन्मदिन एक महोत्सव के रूप में मनाया गया इस दौरान सतपाल पलिया के द्वारा ग्रामीण जनों से चर्चा करते हुए जनसुनवाई जी की जनसुनवाई में आई हुई समस्याओं को तत्काल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सुमन खसरकार एवं लेखपाल आर एल सिंह को बुलाकर ग्रामीण जनों की जनपद पंचायत से संबंधित समस्याओं का निराकरण भी किया गया एक वृक्ष अपनी मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत भी सतपाल पलिया के द्वारा वृक्षारोपण किया गया इस तरह से सुरेश पचौरी भाजपा नेता का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया इस दौरान श्याम लता मेहरा सेजल मालवीय शीतल मौर्य संदीप राय हिमांशु श्रीवास्तव प्रशांत शर्मा शुभम राजपूत शिवनारायण पचौरी मौजूद रहे।

## गायत्री परिवार द्वारा सफल विद्यार्थियों को दिए प्रशस्ति पत्र

# सनातन संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

अखिल विश्व गायत्री परिवार के द्वारा प्रत्येक वर्ष भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाता है। यह आयोजन विश्व स्तर पर होता है। सर्वप्रथम भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन1994 में भोपाल शक्तिपीठ से आरंभ हुआ था।

जिसमें 2400 विद्यार्थियों ने भाग लिया था।धीरे-धीरे यह आयोजन प्रदेश स्तर पर तत्पश्चात देश स्तर पर फिर आज यह विश्व स्तर पर किया जा रहा है पचमढ़ी नगर में माँ गायत्री प्रज्ञा पीठ पचमढ़ी के द्वारा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा को प्रत्येक वर्ष संपन्न कराया जाता है।2023-24 में भी 5 अक्टूबर को इस परीक्षा को



संपन्न कराया गया था जिसमें पचमढ़ी नगर के समस्त विद्यालयों एवं महाविद्यालय के लगभग 500 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें समस्त विद्यालयों के शिक्षकों का भी सराहनीय योगदान रहा। पचमढ़ी में जिस तरह से इस आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया इसकी सराहना आसपास के सभी शक्तिपीठों के संचालकों द्वारा एवं शांतिकुंज के वरिष्ठ परिजनों द्वारा की गई इस परीक्षा में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से प्रमाण पत्र दिया गया एवं माँ गायत्री प्रज्ञा पीठ पचमढ़ी के द्वारा इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मोमेंटो जिसमें मशाल के ऊपर गायत्री मंत्र के साथ वंदनीय माताजी,परम पूज्य गुरुदेव जी एवं प्रखर प्रज्ञा,सजल श्रद्धा के चित्र अंकित है प्रदान की गई। इस वर्ष भी यह परीक्षा 9 नवंबर को आयोजित की जाएगी।

# विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से हो रहा नहरों पर अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया विधानसभा क्षेत्र में नहर विभाग की लापरवाही के कारण सभी स्थानों पर सभी ग्राम पंचायत में बड़ी एवं माइनर नेहरो पर अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। लेकिन विभाग के कार्यपालन प्रभारी यंत्री रहे शैलेंद्रपीपरे एवं एसडीओ अजय सिंह के द्वारा किसी भी नहर के ऊपर का अतिक्रमण हटाने का प्रयास नहीं किया गया है और न ही राजस्व विभाग से या पुलिस प्रशासन से कभी पत्र लिखकर सहायता मांगी गई है जिसका जीता जागता उदाहरण है कि ग्राम पंचायत सिलारी में सचिन वेयरहाउस के सामने 115 फीट की भूमि नहर विभाग की है जिसके ऊपर कालो नाइजरों के द्वारा अवैध तरीके से सीसी रोड का निर्माण कर दिया गया है। से रामपुर की नहर में लोगों के द्वारा पेट्रोल पंप बना लिया गया है इसी तरह से झील पिपरिया में कॉलोनी काट दी गई है। पनारी तरफ पचमढ़ी रोड में लोगों ने शौचालय बना लिए हैं लोगों के पक्के मकान बना लिए हैं कॉलोनाइजरों के द्वारा प्लाट बेच दिए गए हैं पक्के मकान बना लिए गए हैं लगातार प्रतिदिन नहर के ऊपर अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है लेकिन एसडीओ एवं कार्यपालन यंत्री के द्वारा आज दिनांक तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है इससे ऐसा प्रतीत होता है कि अधिकारियों की मिलीभगत भी है इसलिए शायद अधिकारी अतिक्रमण हटाने का प्रयास नहीं कर रहे हैं बल्कि शासन को ही चुना लगा रहे हैं। मामले में तत्कालीन कर पालन नियंत्रित शैलेंद्र पिपरे से जानकारी लेना चाहिएएसडीओ अजय सिंह से भी जानकारी लेना चाहिए तो दोनों ने फोन रिसीव नहीं किया लेकिन अमीन पटवारी रमेश चंद्र रावत शेष बारे में चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि यह कालोनाईजर की जानकारी में है।

### आंगनबाड़ी केंद्र पर बालिका जन्मोत्सव का आयोजन किया

माखन नगर। बुधवार को नसीराबाद सेक्टर के ग्राम समोन में आंगनबाड़ी केंद्र पर बालिका जन्मोत्सव तथा पीसीपीडीटी अधिनियम 1994 अंतर्गत आयोजन किया गया जिसमें सुपरवाइजर मैडम कमलेश वर्मा तथा शिक्षिका सुमनलता टोप्पो राधा गोस्वामी सीमा कुरहेकर मैडम द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं कन्या भ्रूण लिंग परीक्षण करवाना कानूनी अपराध है इस विषय में एक पिक्चर के माध्यम से विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई उनके द्वारा बताया गया कि पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत अपराध करने पर 10000 का दंड एवं 3 वर्ष तक की कार्रवाई की सजा हो सकती है इस प्रकार उनके द्वारा जानकारी दी गई इस अवसर पर ग्रामीण महिलाएं स्कूल की बालिकाएं तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शांता शर्मा शिल्पा राजपूतराजकुमारी यादव शशि अहिरवार अनीता यादव सहायिकाएं एवं नसीराबाद सेक्टर की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं व ग्रामीण जन उपस्थित हुए।

## खबर संक्षेप

### नाले पर बने अतिक्रमण को अमले ने हटाया

**हरदा।** नगर पालिका प्रशासन ने बुधवार को वार्ड 6 में नाले पर किए गए अतिक्रमण को जेसीबी की मदद से हटाया। लोगों ने घर के सामने से निकले नाले पर निर्माण कर लिया था। नोटिस के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटा रहे थे। नगर पालिका के सीएमओ कमलेश पाटीदार ने बताया कि पूर्व में 15 लोगों को दो-दो बार नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन किसी ने अपना अतिक्रमण नहीं हटाया था। बुधवार को नाले पर किए गए अतिक्रमण को हटाने का कार्य किया गया है, ताकि नाले से जल निकासी हो सके। उन्होंने बताया कि यह नाला करीब 50 फीट चौड़ा है, जिसमें करीब 10 फीट पर अतिक्रमण कर लिया गया था। नाले पर अतिक्रमण होने के चलते सफाई नहीं हो पाने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पाती है और जल भराव की स्थिति बन जाती है। नगर पालिका अमले को आता देखकर कुछ लोगों ने स्वयं अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया। वहीं, कुछ लोगों ने नपा अमले पर अतिक्रमण हटाने में भेदभाव करने का आरोप लगाया। स्थानीय लोगों का कहना था कि सामने के घरों में भी अतिक्रमण है उसे भी हटाया जाना चाहिए।

### अवैधानिक मत्स्याखेट पर कार्रवाई की

**हरदा।** बरसात ऋतु में अवैधानिक मत्स्याखेट पर नियंत्रण के लिए मत्स्य विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। सहायक संचालक मत्स्योद्योग अरविंद डांगीवाल ने बताया कि गत दिनों सिराली, हरदा व मोरगढ़ी बाजार में कार्रवाई के दौरान प्राप्त लावारिस मछली की नीलामी से प्राप्त राशि 5300 रूपये शासन के खाते में जमा की गई।

### वाहन चालकों पर 10 हजार का जुर्माना

**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश पर परिवहन विभाग के दल ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। जिला परिवहन अधिकारी राकेश अहाके ने बताया कि 2 व 3 जुलाई को परिवहन विभाग के दल ने अभियान के दौरान विभिन्न प्रकार के वाहनों की जांच। चेकिंग के दौरान मोटरयान अधिनियमों का उल्लंघन करने पर 1 स्कूल बस, 1 स्कूल मैजिक वाहन को अनियमितता पाए जाने पर जप्त कर कार्यालय में सुरक्षार्थ रखा गया। निरीक्षण के दौरान 5 स्कूल बस, 1 डम्पर व 6 अन्य वाहन मालिकों पर मोटरयान अधिनियमों का उल्लंघन करने पर चालानी कार्यवाही कर 10 हजार जुर्माना वसूल किया गया।

### सड़क को लेकर पार्षद ने पत्र लिखा

**रहटगांव।** नेशनल हाईवे सोडलपुर से टिमरनी होकर हरदा मार्ग के सुधार के संबंध में पार्षद सुनील दुबे द्वारा कलेक्टर को पत्र लिखा। पार्षद सुनील दुबे ने बताया कि नेशनल हाईवे जो कि सोडपुर-टिमरनी से होते हुए हरदा रोड की बहुत ही खराब हालत हो गई है। उक्त मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे हो गये है। पूर्व में कुछ दुर्घटना संभावित जगह पर ब्लेक स्पॉट घोषित किये गये थे, उस संबंध में आज तक कोई कार्यवाही की नहीं हुई है।

### 24 व्यक्ति सामान्य मौसमी बीमारियों से पीड़ित मिले

**हरदा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एचपी सिंह ने बताया कि जिला स्तरीय टीम एवं प्रमुख खण्ड चिकित्सा अधिकारी ने मेडिकल टीम के साथ मंगलवार को ग्राम बड़वानी का भ्रमण किया गया। ग्रामीणों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिये डॉ. मीनाक्षी चौरसिया, डॉ. आशीष धुर्वे व एल.एच.वी. चन्द्रकला ठाकुर की टीम के साथ गांव में चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को 20 लीटर पानी में एक क्लोरिन की टेबलेट के साथ पानी पीने व जल स्थानों पर साफ-सफाई रखने की समझाईश दी गई। सीएमएचओ डॉ. सिंह ने बताया कि शिविर में 53 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया, जिसमें से 8 मरीज सामान्य दस्त रोग तथा शेष अन्य मौसमी बीमारियों से पीड़ित पाए गए। मेडिकल टीम द्वारा गांव के कुओं का ब्लीचिंग पावडर डालकर जल शुद्धिकरण किया गया। गांव के प्रत्येक घर में आशा पर्यवेक्षक व आशा कार्यकताओं के माध्यम से क्लोरीन टेबलेट वितरित की गई। सर्वे के दौरान गांव के 168 घरों में कुल 24 व्यक्ति सामान्य मौसमी बीमारियों से पीड़ित पाए गये थे।

---

विधायक ने विलंब के लिए ठेकेदार व अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की

# बिंजलवाड़ा उद्वहन सिंचाई परियोजना का मामला विधानसभा में गूंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

भीकनगांव विधायक झूमा सोलंकी ने कहा मेरे क्षेत्र के किसान वर्ष 2016 से बिंजलवाड़ा उद्वहन सिंचाई परियोजना के पानी का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन अभी तक एक खेत में भी पानी नहीं पहुंचा है। सरकार ने जून 2023 तक परियोजना को पूर्ण करने का वादा किया था, वह भी पूरा नहीं हुआ। इसमें हुई देरी के लिए ठेकेदार और संबंधित अधिकारी दोषी हैं। उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

विधायक सोलंकी ने मंगलवार को विधानसभा में सरकार को आड़े हाथों लिया और कटाक्ष करते हुए कहा कि सरकार को हर काम के लिए वोट की राजनीति नहीं करना चाहिए। जब एक बार सरकार बन जाए तो फिर विकास की ही बात करनी चाहिए। उन्होंने स्मरण कराया कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पिछले चुनाव के पूर्व खरगोन आए थे। उन्होंने आम सभा में वर्ष 2023 तक परियोजना पूर्ण कर, लोकार्पण की बात कही थी। परंतु क्या कारण है कि जून 2024 तक कार्य अपूर्ण है तथा इसके लिए कौन दोषी है?







### केवल टेस्टिंग हुई है, कार्य पूर्ण नहीं

*उन्होंने कहा कि परियोजना का काम पूरा ही नहीं हुआ है, केवल टेस्टिंग हुई है। लेकिन जब विद्युत कनेक्शन नहीं है तो यह कार्य कौन करेगा.? इसे अधिकारियों को कराना चाहिए तो फिर उन्होंने क्यों नहीं किया ? इसलिए एक समिति गठित कर जांच करा लीजिए, मैं जो कह रही हूं वह बात सही है या नहीं ? जिसमें मुझे रखा जाए और मंत्री भी रहे। उनकी पीड़ा थी कि मेरा विधानसभा क्षेत्र सूखा है और कई किसानों के पास बहुत कम जमीन है। इसलिए वे वर्षों से फसलों को सिंचित करने का सपना देख रहे हैं। उन्होंने गुणवत्ताविहीन कार्य और पाइप दबाने में की गई गंभीर अनियमितताओं की भी जांच की मांग की है।*

### कांग्रेस विधायकों ने मिलाये सुर

*विधायिका सोलंकी की मांग को लेकर कसरावद के विधायक सचिन यादव ने भी सुर में सुर मिलाये और कहा कि इस परियोजना में विलम्ब के लिए दोषी ठेकेदार और अधिकारियों के विरुद्ध कारवाई की जाना चाहिए। इस मामले में गठित समिति में दोनों विधायकों को शामिल किया जाय। ताकि हम मंत्री को वस्तु स्थिति की जानकारी दे सकें। इसकी जमीनी हकीकत वास्तविकता से कोसों दूर है। कमोबेश, यही बात विधायक अजयसिंग ने भी कही और सोलंकी के आरोपों का समर्थन किया।*

### सरकार की ओर से मंत्री लोधी ने कहा.. कोई दोषी नहीं

*यह बात, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा अधिकृत राज्य मंत्री धर्मेन्द्र भावसिंह लोधी ने विधानसभा में कही है। उन्होंने विधायक झूमा सोलंकी के आरोपों को एक सिरे से नकारते हुए कहा कि इसमें कोई दोषी नहीं है। भू अर्जन में देरी और एम.पी.पी.टी.सी.एल. द्वारा (पम्प हाउस क्रमांक-03) पर कनेक्शन नहीं प्राप्त नहीं होने से परियोजना अपूर्ण है। मंत्री लोधी ने कहा कि विधायक गणों की चिंता वाजिब है और मैं परियोजना से संबंधित जो विलंब और अन्य प्रकार की शिकायतें आई हैं तो हम वरिष्ठ अधिकारियों की टीम भेजकर उसकी जांच करा लेंगे। जिससे दूध का दूध और पानी का पानी आ जायेगा तो आप लोग निश्चिंत रहें, क्योंकि हमारी सरकार किसान हितैषी है और निरंतर हर किसान के खेत में पानी पहुंचाने का जो सरकार का लक्ष्य है। सरकार द्वारा रबी सीजन वर्ष 2024-25 में सिंचाई हेतु जल प्रदाय किया जाएगा।*

---

## अतिक्रमण से सबको हटाने की अफवाह पर इकट्ठे हुए ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

ग्राम पंचायत रहटगांव में लगातार प्रशासन द्वारा गरीब परिवारों जमीन से बेदखल किया जा रहा है। इसी को लेकर ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर 20 के ग्राम वासियों को भी 3 दिन में जगह खाली करने को कहा था। जिसको लेकर ग्राम वासियों में काफी आक्रोश का माहौल रहा। जिसको देखते हुए ग्रामीणों के द्वारा आंदोलन की प्रक्रिया की गई। भाउलाल उइके ग्राम पंचायत सदस्य द्वारा महापंचायत का आयोजन रखा गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए और अपनी-अपनी समस्याएं नायब तहसीलदार रश्मि धुर्वे को बताई गई। जिसमें ग्रामीणों ने आवासीय पट्टे की मांग है। जिसमें नायब तहसीलदार तथा पटवारी प्रहलाद धानक द्वारा आश्वासन दिया गया है कि वार्ड नंबर 20 के गरीब परिवारों को नहीं हटाया जाएगा तथा उक्त समय पर आवासीय भूमि एवं पट्टे वितरण प्रक्रिया चालू की जाएगी। सरपंच प्रतिनिधि सूरज रंगीले, रामस्वरूप कोटवार एवं ग्रामीण उपस्थित रहे एवं वहीं ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार को 10 सदस्य टीम मिलकर एसडीएम कार्यालय टिमरनी में उपस्थित होंगे। वहीं इस संबंध में रहटगांव नायब तहसीलदार रश्मि धुर्वे ने बताया कि 20 नम्बर वार्ड के ग्रामीणों की मांग पर मौके पर गए थे। ग्रामीणों में अफवाह फैल गई थी कि यहां से सबको हटाया जा रहा है जबकि ऐसा नहीं है जो रूटीन नोटिस होते हैं वही दिए गए थे।

---

## विधि महाविद्यालय प्रारंभ करने के लिए चाहिए 10 एकड़ जमीन



**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के महाविद्यालयों की बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने निर्देशित किया की कॉलेज परिसर और उसके आसपास के क्षेत्र में विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निगरानी रखें।

उन्होंने निर्देशित किया कि महाविद्यालय परिसर में यदि किसी भी प्रकार की कोई घटना घटित होती है तो उसकी सूचना अवश्य दें। बैठक में प्राचार्य स्वामी विवेकानन्द महाविद्यालय डॉ. संगीता बिले, डॉ. पी.सी. काशिव, डॉ. विजय कुमार गोयल, डॉ. महेन्द्र कुमार सिरोही, संजय पटवा, बरखा जायसवाल व डॉ. धर्मेन्द्र कोरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि जिला मुख्यालय पर विधि महाविद्यालय प्रारम्भ करने के लिए 10 एकड़ भूमि तथा एम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के होस्टल के लिए 1.5 एकड़ भूमि की आवश्यकता है। बैठक में बताया गया कि उच्च शिक्षा विभाग के तहत वर्तमान में गांव की बेटी योजना, प्रतिभा किरण योजना, मेधावी विद्यार्थी योजना तथा मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना संचालित है। योजना के तहत 2023-24 में शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया गया।

### संदिग्ध पॉवर ऑफ अटॉर्नी कर भूमि विक्रय करने वाले के विरुद्ध होगी एफआईआर

**हरदा।** जिले में एक व्यक्ति की मृत्यु होने के बाद उसकी जगह किसी अन्य व्यक्ति को खड़ा करके फर्जी पॉवर ऑफ अटॉर्नी कर भूमि विक्रय करने वाले के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। स्व. नरेश चन्द बाफना निवासी खिरकिया की मृत्यु वर्ष 2014 में हो चुकी है। उक्त व्यक्ति की मृत्यु के उपरांत दिनांक 26/11/2021 को इनके स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को खड़ा करके संदिग्ध पॉवर ऑफ अटॉर्नी निष्पादित कराई गई है। इस संदिग्ध पॉवर ऑफ अटॉर्नी के आधार पर दिनांक 03/12/2021 भूमि का विक्रय किया गया है। संयुक्त कलेक्टर सतीश राय ने बताया कि कलेक्टर हरदा को उक्त शिकायत प्राप्त होने पर 3 सदस्यों की जांच समिति गठित की गई थी। जिसकी जांच में दिनांक 26/11/2021 को निष्पादित पॉवर ऑफ अटॉर्नी संदिग्ध पाई गई है। उक्त समिति की रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर हरदा द्वारा सुभाष बाफना, प्रकाश चंद बाफना, सुदेश बाफना, राजकुमारी जैन, सुरेश बाफना एवं एक अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

## पर्सनालिटी डेवलमेंट करियर काउंसिलिंग शिविर आयोजित

### कक्षा 10वीं-12वीं की छात्राओं को बताया डिप्रेशन से कैसे दूर रहें

**बुरहानपुर।** महिला अधिकार मंच महिला सुरक्षा, सामाजिक कल्याण मंच के मार्गदर्शन में कक्षा 10वीं से 12वीं की छात्राओं के लिए पर्सनालिटी डेवलपमेंट और करियर काउंसलिंग शिविर लगाया गया। जिसमें यह बताया गया कि मानसिक स्वास्थ्य की क्या भूमिका है।

छात्राएं किस तरह किसी भी प्रकार के डिप्रेशन से दूर रह सकती हैं। 10वीं से 12वीं की छात्राओं में उम्र के अनुसार शारीरिक, मानसिक परिवर्तन होते हैं। शिविर में विशेषज्ञों ने कहा वर्तमान में देखा गया है कि कुछ लड़कियां चिंता, तनाव, डिप्रेशन, गेमिंग डिसऑर्डर, सेल फोनएडिक्शन, सोशल मीडिया, आत्महत्या, यौन शोषण से पीडित, इमोशनल ट्रॉमा जैसे मानसिक विकार से होकर गुजरती हैं। पर्सनालिटी डेवलपमेंट या स्किल डेवलपमेंट के लिए शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए खुद को कॉन्फिडेंट आत्मविश्वास के साथ सकारात्मक दिशा में रहकर अपने लक्ष्य तक पहुंचना होगा। किसी भी प्रकार की मानसिक समस्या के लिए बुरहानपुर में मनकक्ष है। मनहित एप डाउनलोड कर व टेली मानस स्वास्थ्य कार्यक्रम 24 घंटे अवेलेबल है। टोल फ्री नंबर 14416 की घर बैठे सहायता ले सकते हैं।

#### महिलाओं की सुरक्षा को लेकर रखी बात

महिला बाल विकास सदस्य मंगला दुबे ने महिला सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण के लिए भी छात्राओं को मार्गदर्शन दिया। मुख्य उद्देश्य महिला अधिकार मंच के मार्गदर्शन में छात्राओं को पर्सनालिटी डेवलपमेंट, स्किल्स प्रोग्राम के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना, शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखते हुए समाज में मानसिक स्वास्थ्य, महिला सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण के लिए समर्थन, जागरूकता का संदेश देना है। इस दौरान जिला मनकक्ष प्रभारी नर्सिंग ऑफिसर सीमा डेविड, सहयोगी नर्सिंग ऑफिसर प्रमिला जाधव, महिला अधिकार मंच कार्यशाला मैनेजमेंट प्रभारी नीतू सिकरवार आदि मौजूद थे।

---

## शाखा प्रबंधक वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन खिरकिया को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार को मूंग उपार्जन के लिए जिले के ग्राम नीमगांव, धनवाड़ा, चौकड़ी व पोखरनी के वेयर हाउसों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्राम पंचायत सचिव, आरएईओ व पटवारी को दिन में दो बार वेयर हाउस का निरीक्षण करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान एसडीएम खिरकिया संजीव नागू, उपसंचालक कृषि संजय यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर सिंह ने भ्रमण के दौरान प्रत्येक वेयरहाउस पर



निरीक्षण पंजी रखने एवं उसमें निरीक्षण टीप दर्ज करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने शाखा प्रबंधक वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन खिरकिया को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होने इस दौरान पोखरनी में वेयर हाउस का पुनः सीमांकन करने के निर्देश पटवारी को दिए।

## बालिका को निजी स्पॉन्सरशिप योजना के तहत राशि दी

**हरदा।** पटाखा फैक्ट्री विस्फोट में अपने माता पिता को खो देने वाली बालिका पलक चंदेले को बुधवार को भारत विकास परिषद शाखा हरदा के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल द्वारा निजी स्पॉन्सरशिप योजना के तहत 4000 रुपए की राशि बैंक खाते में जमा की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी ने बताया कि बालिका पलक चंदेले के 2 भाई बहन को शासकीय स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़कर प्रतिमाह 4000 रूपये दिए जा रहे हैं। इसी पटाखा फैक्ट्री विस्फोट में अपने पिता को खोने वाले 3 बच्चों में से 2 बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना के तहत 4000 रूपये प्रति माह दिए जा रहे हैं। बालिका आयात खान को निजी स्पॉन्सरशिप योजना के तहत माय किड ऐकेडमी हरदा द्वारा 4000 रूपये बैंक खाते में जमा किये गये। पटाखा विस्फोट क्षेत्र की आंगनवाड़ी केन्द्र को बुधवार को अभा दिगम्बर जैन महिला परिषद हरदा ने गोद लिया। केन्द्र पर उपस्थित साधना जैन व उनकी टीम द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्र पर उपस्थित बच्चों को यूनिफार्म, बेग, स्लेट व गणवेश वितरित किये गये। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी कमला सोनी द्वारा बच्चों को स्लेट एवं विशेष उपहार दिये गये। इस अवसर पर रेखा जैन, ज्योति जैन, गरीमा जैन, वार्ड पार्षद, ओमवती उइके, भारती भल्लावी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे।

## 24 घंटों में जिले में 0.9 मिमी औसत वर्षा हुई

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 0.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 0 मि.मी., टिमरनी में 2.4 मि.मी., सिराली में 2.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 129.9 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 168.7 मि.मी., टिमरनी में 86.4 मि.मी, खिरकिया में 79.2 मि.मी., रहटगांव में 184.9 मि.मी. व सिराली में 130.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 3 जुलाई तक 97.6 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है।

### आरटीओ बैरियर के कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**बुरहानपुर।** राज्य सरकार द्वारा अंतरराज्यीय सीमा के आरटीओ बैरियरों को 30 जून की मध्य रात्रि से बंद करने का विरोध बुरहानपुर में प्रारंभ हो गया है। बुधवार को कलेक्टर कार्यालय में डेढ़ सौ से अधिक कर्मचारियों ने ज्ञापन देकर प्रदर्शन किया। बुरहानपुर मज़दूर यूनियन अध्यक्ष ठाकुर प्रियांक सिंह ने कहा कि राज्य सरकार को बैरियर बंद करने से पूर्व पूरे मध्यप्रदेश में कार्यरत पांच हजार कर्मचारियों के भविष्य के बारे में भी सोचना चाहिए था। उनके रोजगार की कोई वैकल्पिक व्यवस्था राज्य सरकार को करना चाहिए।

---



### गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की

**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश पर बुधवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बैरागढ़ पटाखा विस्फोट प्रभावित परिवारों की आईटीआई में रह रही गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई। साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र बैरागढ़ में सभी गर्भवती धात्री माता व बच्चों का स्वास्थ्य चेकअप एवं टीकाकरण भी किया गया।

### युवा मोर्चा ने लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला फूंका

**इछावर।** सोमवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा दिएं गये बयान को लेकर भाजपा मे गहरा आक्रोश है। इसीके चलते मंगलवार को भाजपा युवा मोर्चा की नगर इकाई द्वारा पान चोराहे पर राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनके पुतले का दहन किया गया। मोर्चा अध्यक्ष मनीष विश्वकर्मा ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा दिया गया बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने संपूर्ण हिन्दूओं का अपमान किया है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने श्री गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की साथ ही विरोध के रूप में उनका पुतला जलाया। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला आईटी सेल प्रभारी अतिराज सिंह खींची, सचिन मकरया, प्रणत चौहान, चित्रांश राठी, शुभम यादव, दीपक यादव, मंगल पांडे, अजय तेजी, दीपक प्रजापति, शामिल थे।



## पेंशन एसोसिएशन का सदस्यता का अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

वरिष्ठ नागरिक पेंशन एसोसिएशन के सदस्यता अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों से सेवानिवृत हुए अधिकारियों व कर्मचारियों को उनका सम्मान किया। प्रदेश मीडिया प्रभारी आर बी सगर, संभागीय अध्यक्ष जीआर गौर, जिला अध्यक्ष पीसी पोर्ते, कोषाध्यक्ष एचआर मंडराई, द्वारा रामचंद गौर, फिरोज खान, विष्णु प्रसाद सराठे, सुबोध शुक्ला, मनोज कुमार जैन, दिलीप सोनाली, टी आई निर्भय दास चौहान, एम एल पाटिल, मिश्रीलाल साहू को आजीवन सदस्यता ग्रहण कराई। इस अभियान में तहसील अध्यक्ष शैलेंद्र बाके, विनेश निमारे, अमरचंद दाखले रमेश मस्कोले, गोपाल प्रसाद साहू, सुरेन्द्र जोशी का विशेष सहयोग रहा।

---

नई सड़कों के निर्माण और पुरानी सड़कों के मरम्मत को लेकर रखी बात

## एनएचएआई चैयरमेन से सांसद ने की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

नई दिल्ली में खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने नेशनल हाईवे एनएचएआई के चैयरमेन एसके यादव से भेंट कर लोकसभा क्षेत्र की एनएचएआई के अधीन आने वाली सड़कों के निर्माण, पुरानी सड़कों की मरमत और चल रहे निर्माण कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने के लिए विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करने के लिए कहा।

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व ही शहर की सीमा से गुजरने वाले इंदौर इच्छापुर नेशनल हाईवे का निरीक्षण सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, महापौर माधुरी अतुल पटेल ने एनएचएआई और नगर निगम के अफसरों के साथ किया था। सांसद ने अफसर को सख्त निर्देश दिए थे कि 7 दिन के भीतर रोड की मरम्मत व गहरे गडढ़ों का भराव करें। इसके बाद रोड मरम्मत और भराव का कार्य किया जा रहा है। दिल्ली में सांसद ने एनएचएआई के चेयरमैन को वस्तुस्थिति से अवगत कराकर नेशनल हाईवे अथॉरिटी के तहत लोकसभा क्षेत्र में आने वाली सड़कों के निर्माण और पुरानी सड़कों की मरम्मत की बात रखी। यादव ने आश्वस्त किया कि जल्द ही निर्णय लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाएंगे।

### पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक संपन्न

**सीहोर।** विद्युत पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक सोमवार, दिनांक 1 जुलाई को स्थानीय गीता मानस भवन, सीहोर में आयोजित हुई। सिजमें 4 प्रतिशत डीआर पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वप्रथम जिन पेंशनर साथियों के माह जून में जन्मदिन थे, उनका पुष्पहारों से स्वागत कर उनके दीर्घायु की कामना की गई तथा नवीन सदस्यों का स्वागत किया गया। उक्त मासिक बैठक में भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंधक पधारे, जिनके द्वारा सभी पेंशनरों को बैंक की जानकारी दी।